प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना शुरू– स्कूली बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना योजना का उद्देश्य।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सोलन नगर निगम में पार्षदों के रिक्त पदों पर चुनाव करवाए बिना महापौर का चुनाव करवाने को बताया असंवैधानिक।
- भाजपा एक सितम्बर से शुरू करेगी सदस्यता अभियान– 10 करोड़ से अधिक नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य।
- शिमला में 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव संपन्न– दुनियाभर की एक सौ 5 फिल्मों का किया गया प्रदर्शन।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में ''मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना'' का शुभारम्भ किया। इस योजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना है। ये योजना मौजूदा मिड–डे–मील योजना की पूरक होगी और प्रदेश के 15 हज़ार एक सौ 81 स्कूलों के नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट भी वितरित किए गए। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा व प्रशासनिक कार्यों में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत प्रदेश में 17 हज़ार 5 सौ 10 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों को टैबलेट दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को टैबलेट देने का उद्देश्य उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल से प्रदेश के बच्चों को गुणात्मक और बेहतर शिक्षा दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों को स्कूली शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाएगी और इसके लिए शिक्षकों की जवाबदेही भी तय होगी।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट प्रदान करने की योजना के सकारात्मक परिणाम भविष्य में सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में 7 हज़ार पद भरे जा रहे हैं और इसके अलावा जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि 5 से कम विद्यार्थियों को निकटतम स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी इस दौरान मौजूद रहे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सोलन नगर निगम में पार्षदों के रिक्त पदों पर चुनाव करवाए बिना महापौर का चुनाव करवाने को मुख्यमंत्री की तानाशाही करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी हार देखकर तानाशाही पर उतर आई है और चुनाव की प्रक्रिया के दौरान ही नए–नए नियम बनाकर चुनाव प्रभावित करना चाहती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा इस तरह से असंवैधानिक नियम बनाने से ये स्पष्ट है कि कांग्रेस चुनाव हार रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा राज्यसभा के चुनाव में भी असंवैधानिक रूप से व्हिप जारी कर दिया गया था। जयराम ठाकुर ने सलाह दी कि महापौर के चुनाव से पहले पार्षदों के तीनों रिक्त पदों का चुनाव करवाया जाना चाहिए जिससे महापौर चुनाव में सभी पार्षदों की सहभागिता हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को इन क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे पुनर्निर्माण कार्यों से भी अवगत करवाया। लोक निर्माण मंत्री ने उम्मीद जताई कि केन्द्र सरकार के सहयोग से पुनर्निर्माण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी प्रदेश को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इस आपदा में लोक निर्माण विभाग को करीब 5 सौ करोड़ रूपए के नुकसान की जानकारी मिली है।

सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी आगामी एक सितंबर से नया सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत पार्टी का उद्देश्य 10 करोड़ से अधिक सदस्यों को जोड़ने का है। यह निर्णय दिल्ली में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। भाजपा के अनुसार यह सदस्यता अभियान उन राज्यों में नहीं चलाया जाएगा जहां चुनाव होने हैं। इस अभियान के तहत पार्टी द्वारा मिस्ड कॉल देकर, क्यूआर कोड स्कैन कर, नमो एप का उपयोग कर और भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से नए सदस्य जोड़े जाएंगे। भाजपा का दावा है कि उसके सदस्यों की संख्या 18 करोड़ से अधिक है और वह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

रक्षाबंधन

रक्षाबंधन का पर्व कल देशभर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है कि रक्षाबंधन भाईयों और बहनों के बीच के अनोखे बंधन का एक त्योहार है। यह त्योहार भाई–बहन के बीच परस्पर विश्वास और प्रेम को सशक्त बनाता है।

फिल्म महोत्सव

राजधानी शिमला में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज संपन्न हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य विश्व सिनेमा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं व फिल्म प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना रहा है। महोत्सव के निदेशक पुष्पराज ठाकुर ने बताया कि इस दौरान करीब एक सौ 5 फिल्में प्रदर्शित की गईं। ये महोत्सव भारत सरकार के सूचना व प्रसारण मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश भाषा व संस्कृति विभाग के तत्वावधान में हिमालयन वेलोसिटी द्वारा आयोजित किया गया।

<u>बिंदल</u>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार तालाबंदी की सरकार बन गई है और पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों को बंद करने का कार्य किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 11 सौ से अधिक संस्थानों को बंद करने के बाद अब प्रदेश में 8 सौ से अधिक स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इसके अलावा जनहित से जुड़ी कई योजनाओं को भी सरकार ने बंद कर दिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

<u>गोविंद ठाकुर</u>

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू ज़िले में वन माफिया द्वारा की जा रही अवैध गतिविधियों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बंजार के बाद अब मनाली क्षेत्र के बंदरोल में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के समीप चील के 21 हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने की घटना सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन माफिया को सरकार का भरपूर संरक्षण मिला है जिससे वे निडर होकर ऐसी अवैध गतिविधियां कर रहे हैं। गोविंद सिंह ठाकुर के अनुसार इन अवैध कटान की गतिविधियों के बावजूद कानूनी कार्रवाई न के बराबर हो रही है।

<u>पौधरोपण</u>

कांगड़ा ज़िले में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बसनूर में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधे पर्यावरण और हमारे जीवन के महत्वपूर्ण घटक हैं और इनका संरक्षण करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के वन महोत्सव की पहल के बाद इस बरसात के मौसम में वे 20 स्थानों पर पौधरोपण कर चुके हैं।

ई–केवाईसी

प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई–केवाईसी करवाने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। हमीरपुर जिला के खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार राशन कार्डधारकों की ई–केवाईसी करने का अभियान चलाया गया है। ई–केवाईसी प्रक्रिया के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में अभी

तक केवल 83 प्रतिशत राशन कार्डधारकों द्वारा ही ई–केवाईसी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि यदि उपभोक्ता 30 सितंबर तक ई–केवाईसी प्रमाणीकरण नहीं करवाते है तो उनका राशन कार्ड अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है जिसके चलते अधिकतर भागों में वर्षा का क्रम जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर वर्षा का समाचार है। राजधानी शिमला व आसपास के क्षेत्रों में भी दोपहर बाद वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है। प्रशासन ने मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के किनारे न जाने की अपील की है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना शुरू– स्कूली बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना योजना का उद्देश्य।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सोलन नगर निगम में पार्षदों के रिक्त पदों पर चुनाव करवाए बिना महापौर का चुनाव करवाने को बताया असंवैधानिक।
- भाजपा एक सितम्बर से शुरू करेगी सदस्यता अभियान– 10 करोड़ से अधिक नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य।
- शिमला में 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव संपन्न– दुनियाभर की एक सौ 5 फिल्मों का किया गया प्रदर्शन।